दैनिक भास्कर 30/11/2022

# बिना डॉक्टरी परामर्श कोई दवाई न लें : डॉ. यामिनी



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ तथा यूथ रेडक्रॉस की ओर से डेंटल केयर एंड ऑर्थोडॉन्टिक्स (ब्रेसेस) और हेयर एंड स्किन केयर पर आधारित एक्सटेंशन लेक्चर कराया गया। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन की अध्यक्षता और डॉ. सीमा कंसल के नेतृत्व में करवाए गए कार्यक्रम में 100 से भी अधिक स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। डॉ. नितिन मुंजाल ने दांतों की सुरक्षा व देखभाल के उपायों से अवगत करवाया। डॉ. यामिनी मुंजाल ने त्वचा और बालों से संबंधित विभिन्न रोगों की जानकारी देते हुए ठीक करने के उपाय बताएं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति बिना डॉक्टर के परामर्श किसी भी प्रकार की दवाई का उपयोग न करें। कार्यक्रम में डॉ. तृप्ति, डॉ. एसके बाटला, डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. कुलदीप व डॉ. नीना भी उपस्थित रहे।